कनेक्शन प्राप्त करने वालों की प्रतीक्षा सूची में पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या कितनी है; और

(ख) इन व्यक्तियों की रसोई गैस के कनेक्शन कब तक प्रदान कर दिये जायेंगे ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) यद्यपि नगर-वार सूची नहीं रखी जाती है, तथापि 31-5-1992 की स्थिति के अनुसार इलाहाबाद जिले के लिए तेल कम्पनियों द्वारा दी गई प्रतीक्षा सूची में लगभग 64,677 व्यक्ति हैं ।

(ख) एल० पी० जी० के उपलब्ध होने पर अधिकतम आवेदकों को एल० पी० जी० के कनेक्शन यथाशीघ्र देने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ।

मध्य प्रदेश में विजयपुर में गैस क्रैकर संयंत्र की स्थापना

77. **श्री लक्खीराम अग्रवाल** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विजयपुर, मध्य प्रदेश में गैस क्रैकर संयंत्र की स्थापना से प्राप्त होने वाले तकनीकी और आर्थिक लाभों का निर्धारण करते समय सभी पहलुओं पर विचार किया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या संयंत्र के लिए अपेक्षित आवश्यक सभी कच्चा माल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने के कारण विजयपुर में गैस क्रैकर संयंत्र की स्थापना करना अधिक व्यावहारिक है; और

(ग) क्या इसके उत्पादों से अन्य उपयोगी मदों का उत्पादन करना अनिवार्य होगा तथा क्या इसकी प्रक्रिया सरल होगी ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) मध्य प्रदेश के विजयपुर में गैस क्रैकर संयंत्र लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

राज्यों को मिट्टी के तेल का आबंटन

78. **श्रीराम नरेश यादव** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्यों को आबंटित किये गये मिट्टी के तेल की राज्यवार मात्रा कितनी है; और

(ख) जुलाई अगस्त, 1992 के लिए कितनी मात्रा में मिट्टी का तेल दिये जाने की संभावना है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी०शंकरानन्द) : (क) उत्तर प्रदेश और बिहार ने मिट्टी के तेल के आबंटन के लिए ब्लाक प्रणाली को चुना है । अप्रैल से जुलाई, 1992 तक उनको आबंटित की गई मात्रा निम्न प्रकार से है :—

(मि. टन में)

माह	मिट्टी के तेल का आबंटन	
	उत्तर प्रदेश	बिहार
ग्रीष्म कालीन ब्लाक		
अप्रैल, 1992	72487	37906
मई, 1992	72487	37906
जून, 1992	72487	37906
मानसून ब्लाक		
जुलाई, 1992	76441	39297

(ख) अगस्त, 1992 में की जाने वाली आपूर्ति कमोवेश जुलाई, 1992 में किए गए आबंटन के समान होगी ।